ed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com



Solved Question Bank (In Hindi)

मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग-II

Medical Surgical Nursing-II For GNM Students

Previous 5 Years Question Papers

As per the INC Syllabus

Arjita Sengar

2nd Edition

JAYPEE

अनुक्रमाणिका

SOLVED PAPERS

1. Medical Surgical Nursing–II, November 2023 3
2. Medical Surgical Nursing–II, November 2022 14
3. Medical Surgical Nursing–II, December 2021 36
4. Medical Surgical Nursing–II, February 2020 48
5. Medical Surgical Nursing–II, August 2019 70

OTHER IMPORTANT QUESTIONS

6. Short Notes 95
7. Long Answers 133
8. Multiple Choice Questions 169
9. Fill in the Blanks 197
10. True and False 210

MEDICAL SURGICAL NURSING–II

November 2022

Course: Diploma in General Nursing and Midwifery **Year:** Second
Subject: Medical Surgical Nursing–II **Code:** 4507
Time: 3 hours **M. Marks:** 75

1. Four options of answer of each question are given. Only one option is correct. Choose and write only correct option after writing question no. **5**

1.1 The risk for TB increases with which of the following disease conditions?
निम्न में कौन-सी बीमारी में टीबी होने का खतरा रहता है?
(a) With myocardial infarction (मायोकार्डियल इन्फार्कशन के साथ)
(b) With AIDS (एड्स के साथ)
(c) In liver carcinoma (लीवर कार्सिनोमा में)
(d) In stroke (स्ट्रोक में)

उत्तर (b) With AIDS (एड्स के साथ) 1

1.2 Which disease condition is caused by infection and inflammation of parotid gland?
निम्न में कौन-सी बीमारी का लक्षण पैरोटिड ग्रंथी की सूजन या संक्रमण द्वारा होता है।
(a) Measles (खसरा)
(b) Mumps (मम्प्स)
(c) Goiter (घेंघा)
(d) Chickenpox (चिकेनपॉक्स)

उत्तर (b) Mumps (मम्प्स) 1

1.3 The term used to describe "fat in feces" is:
निम्न में जो शब्द स्टूल फैट को परिभाषित करता है–
(a) Hematuria (हेमट्यूरिया)
(b) Occult blood (ऑकल्टब्लड)
(c) Melena (मेलेना)
(d) Steatorrhea (स्टिएटॉरीआ)

उत्तर (d) Steatorrhea (स्टिएटॉरीआ) 1

JAYPEE BROTHERS

1.4 Parkinson disease is caused by deficiency of which neurotransmitter?
पार्किंसंस रोग में कौन से न्यूरोट्रांसमीटर की कमी होती है?
(a) Acetylcholine (एसिटाइलकोलाइन)
(b) Cyanocobalamin (साइनोकोबालामीन)
(c) Dopamine (डोपामाइन)
(d) Adrenaline (एड्रिनलिन)

उत्तर (c) Dopamine (डोपामाइन) 1

1.5 Neck stiffness in meningitis is called as:
निम्न में मेनिन्जाइटिस में गर्दन की ऐंठन कहलाती है–
(a) Nuchal (rigidity न्यूकल कठोरता)
(b) Bradykinesia (ब्रेडीकिनेसिया)
(c) Kernig sign (कर्निग चिन्ह)
(d) Brudzinski sign (ब्रुडजिंस्की चिन्ह)

उत्तर (a) Nuchal rigidity (न्यूकल कठोरता) 1

2. Choose right and wrong in the following statements: 5

2.1 Serum potassium less than 3–5mEq/L is hypokalemia, 3–5 mEq/L से कम सीरम पोटशियम हिपोकैलिमिया है।

उत्तर सही 1

2.2 Hepatitis is a mode of transmission in fecooral route. हेपेटाइटिस ए संचरण का एक तरीका फेको–ओरल मार्ग है।

उत्तर सही 1

2.3 Oliguria is urine output less than 400 mL/day or <20 mL/hour ओलिगुरिया में पेशाब का उत्पादन 400 मिलीधदिन या 20 उस् ध्घंटा से कम होता है।

उत्तर सही 1

2.4 Urolithiasis is calculi in kidney.
यूरोलिथियासिस गुर्दे में पथरी है।

उत्तर सही 1

2.5 ECG is recording of electrical activity of brain.
ईसीजी मस्तिष्क की विद्युत गतिविधि की रिकॉर्डिंग है।

उत्तर गलत 1

3. Fill in the blanks: 5

3.1 BPH stands for.....
बीपीएच का फुलफॉर्म है.....

उत्तर Benign prostate hypertrophy 1

JAYPEE BROTHERS

3.2 The condition of excessive urination is called as .....
ज्यादा पेशाब बनना कहलाता है.....

उत्तर Polyuria 1

3.3 Accumulation of pus in pleural cavity is.....
शरीर के प्लूरल गुहा में मवाद बनना कहलाता है.....

उत्तर Empyema 1

3.4 TSH full form is.....
टीएसएच का फुल फार्म है .....

उत्तर Thyroid-stimulating hormone 1

3.5 An..... is a drug that is effective against vomiting and nausea
..... वह दवा है जो उल्टी और मतली के खिलाफ प्रभावी है।

उत्तर Antiemetic 1

4. Write short notes on any four of the following:

4.1 Role of nurse in pain management (दर्द प्रबंधन में नर्स की भूमिका)

उत्तर पीड़ा प्रबंधन में नर्स की भूमिका (Role of nurse in pain management)
पीड़ा होने पर नर्स कई प्रकार से रोगी की सहायता कर सकती है। पीड़ा से आराम दिलाने के लिए निम्नलिखित चार प्रकार की तकनीक प्रयोग की जाती हैं–

1. शारीरिक तकनीक (Physical methods): दर्द से छुटकारा दिलाने के लिए नर्स रोगी को शारीरिक तरीकों के बारे में बताती है। यह तकनीक निम्नलिखित हैं–
   - गर्म और ठंडी थेरेपी: नर्स दर्द को कम करने के लिए हॉट एंड कोल्ड (hot and cold) थैरेपी का प्रयोग कर सकती है।
   - मालिश (Massage): पीड़ा में आराम प्रदान करने के लिए नर्स रोगी की मालिश कर सकती है या उसे इसकी सलाह दे सकती है।
   - एक्यूपंक्चर (Acupuncture): यह सटीक बिंदुओं पर त्वचा पर पतली सुइयों को लगाने वाला एक चिकित्सकीय उपचार है जो प्रोफेशनल द्वारा किया जाता है। नर्स पीड़ा में रोगी को इसकी सलाह प्रदान कर सकती है।
2. मानसिक–शारीरिक तकनीक (Mind-body techniques): इस तकनीक में मनोविज्ञान और शरीर को मिलाकर कुछ ऐसी क्रियाएँ की जाती हैं, क्रियाएँ मनोविज्ञानिक द्वारा की जाती हैं।
   - संज्ञानात्मक व्यवहार थैरेपी (Cognitive behavioral therapy): पुराने दर्द के लिए मनोवैज्ञानिक में उपचार Cognitive behavioral therapy शामिल हैं। इसमें रोगी के साथ संभावित दर्द के बारे में बात की जाती है और दर्द निवारण किया जाता है।

JAYPEE BROTHERS

- योग (Yoga): नर्स रोगी को योग क्रिया के लिए प्रेरित कर सकती है जिससे उसे आराम मिले। योग शारीरिक एवं मानसिक रूप से फायदा प्रदान करता है।

3. आराम के तरीके (Relaxation method): दर्द प्रबंधन में नर्स रोगी की निम्नलिखित सहायता कर सकती है–
   - गहरी साँस लेने की तकनीक (Deep breathing): धीमी और आराम से साँस लेने के तरीके, जैसे कि बॉक्स ब्रीदिंग, तनाव को दूर करने में मदद करते हैं।
   - शांति से सोचना (Meditation): शांत दृश्य की कल्पना करने में 5 मिनट बिताएं।
   - शांत करने वाली गतिविधियाँ: इसके लिए कोई किताब पढ़ सकते हैं, पसंद का खाना खा सकते हैं, पसंद का संगीत सुन सकते हैं।
4. दवाई से उपचार (Drug therapy): दर्द से छुटकारा पाने के लिए नर्स दवाओं का भी इस्तेमाल कर सकती है। यह दर्द से छुटकारा दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका है। दर्द से आराम के लिए नर्स रोगी को निम्नलिखित दवाएँ दे सकती है–
   - नॉन-स्टेरोइडल एन्टी-इंफ्लेमेटेरी दवाएँ (Non-steroidal anti-inflammatory drug)
   - एंटीडिप्रेसंट (Antidepressant)
   - बीटा अवरोधक (Beta-blockers)
   - कैनाबिस (Cannabis)
   - मारफीन (Morphine)

4.2 Nursing management in hypovolemia.
हाइपोवोलेमया (द्रवमात्राकमी) में नर्सिंग प्रबंधन

उत्तर हाइपोबोलेमिया का नर्सिंग प्रबंधन

- **नर्सिंग आकलन (Nursing assessment)**

  हाइपोवाल्यूमिया के लक्षणों का आंकलन करें–
  - इतिवृत (History): कारण का पता लगाएँ तथा इसको ठीक करने का उपाय बताएं।
  - Vital signs: जाँच करे कोई भी उपाय करने से पहले व्यक्ति के vital sign की जांच करें ।
  - चोट (Trauma): यदि hypovolemia का कारण चोट है तो इसका पता लगाएँ, ताकि इस प्रकार इसका प्रबंधन किया जा सके।

JAYPEE BROTHERS

- **नर्सिंग निदान (Nursing diagnosis)**
  - Metabolic acidosis का जोखिम जिसका संबंध कैपिलरी में रक्त की मात्रा का कम होना है।
  - द्रव की मात्रा में कमी (Deficient fluid volume) जिसका संबंध शरीर से सक्रिय रूप से द्रव का नुकसान होना है।
  - अप्रभावी टिसू परफ्यूज़न (Ineffective tissue perfusion)
  - स्वयं की देखभाल की कमी (Self-care deficit) जिसका संबंध कमजोरी है।
  - घबराहट (Anxiety)
- **नर्सिंग प्रबंधन (Nursing interventions)**
  - रक्त को चढ़ाना (Blood administration): रोगी के रक्त का प्रकार पता करें तथा उसे रक्त चढ़ाएँ।
  - द्रव को चढ़ाना (Administration of fluids): द्रव की कमी के अनुसार नर्स रोगी के द्रव की मात्रा का आंकलन करती है एवं द्रव चढ़ाते समय Cardio vascular overload के चिन्हों का ध्यान रखें ।
  - वजन को मॉनीटर करना (Monitor weight): व्यक्ति के वजन की प्रतिदिन जाँच करें विशेषकर यदि रोगी के मूत्र की मात्रा कम हो गई या सक्रिय द्रव की कमी हो गई है।
  - Vital sign की मॉनीटरिंग: प्रत्येक 15 मिनट से एक घंटे के अंतराल पर रोगी के vital signs की जाँच करें।
  - आक्सीजन प्रदान करना (Oxygen administration): रोगी को oxygen प्रदान करें ताकि रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ा सकें।
- आंकलन (Evaluation)
  - शरीर में द्रव मात्रा को कार्यशील स्तर पर लाना।
  - द्रव की कमी के कारण की जानकारी प्राप्त करना।
  - रोगी का सामान्य BP एवं अन्य vital signs बनाए रखना।
  - शरीर की त्वचा का लचीलापन बनाए रखना ।
  - रोगी की consciousness को बनाए रखना।

4.3 Gynecomastia (गाइनेकोमैस्टिया)

उत्तर गायनेकोमैस्टिया (Gynecomastia)

परिभाषा: यह पुरुषों में होने वाली एक आम समस्या है जिससे पीड़ित पुरुष के स्तनों का आकार सामान्य से अधिक बढ़ जाता है। स्तनों का आकार बढ़ने के कारण वे महिलाओं के स्तनों की तरह दिखाई पड़ते हैं।

JAYPEE BROTHERS

गायनेकोमैस्टिया के कारण (Causes of gynecomastia)

- अत्यधिक जिमिंग (Excessive gyming)
- पूरक आहार (Balanced diet)
- हार्मोनल असंतुलन (Hormonal imbalances)
- मोटापा (Obesity)
- आनुवंशिक (Hereditary)
- अधिक हर्बल उत्पाद (Excessive herbal product)

जोखिम कारक (Risk factors)

- हार्मोन को प्रभावित करने वाली कुछ दवाएं
- नशीले पदार्थ और शराब
- हायपरथायरायडिज्म (Hyperthyroidism)
- पारिवारिक इतिहास (Family history)

रोकथाम (Prevention)

- नियमित जाँच – यह महत्वपूर्ण है कि गाइनेकोमैस्टिया के जोखिम वाले व्यक्ति की नियमित जाँच हो।
- स्वस्थ वजन – नियमित व्यायाम और संतुलित आहार के माध्यम से स्वस्थ वजन रखने से मोटापे के कारण इसको रोकने में मदद मिल सकती है।
- चिकित्सकीय स्थितियों का इलाज
- नशीले पदार्थ न लें
- स्टेरॉयड से बचे

प्रबंधन (Management)

- चिकित्सकीय प्रबंधन (Medical management):
  - टेमॉक्सईफेन (Tamoxefene)
  - हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (hormone replacement therapy)
- सर्जिकल प्रबंधन (Surgical management)
  - लिपोसक्शन (Liposuction): यह एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है। यह स्तनों के आकार को कम करने और ऊतकों से अतिरिक्त वसा को हटाने के लिए एक प्रवेशनी का उपयोग करता है।
  - गाइनेकोमास्टिया सर्जरी (Gynecomastia surgery): यह एक शल्य चिकित्सा प्रक्रिया है जो स्तन से ग्रंथियों के ऊतक को हटा देती है।
  - संयोजन सर्जरी (Corrective surgery): अधिक व्यापक दृष्टिकोण के लिए स्तनों से अतिरिक्त वसा और ग्रंथियों के ऊतकों को हटाने के लिए संयोजन सर्जरी में लिपोसक्शन और गाईनेकोमास्टिया सर्जरी शामिल है।

JAYPEE BROTHERS

or detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebroth

Solved Question Bank (In Hindi)

मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग-II

Medical Surgical Nursing-II

विशेष गुण (Salient features)

- इस पुस्तक में पिछले पाँच वर्ष के पूर्ण समाधित (Fully solved) प्रश्न पत्र दिए गए हैं।
- हिन्दी एवं अंग्रेज़ी, दोनों ही भाषा का प्रयोग किया गया है ताकि भाषा को सरल एवं समझने में आसान बनाया जा सके।
- हिन्दी के संग अंग्रेज़ी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है ताकि यह पुस्तक, दोनों भाषाओं में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाए।
- प्रश्न पत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तथा विगत वर्षों में आए प्रश्न भी **Short notes** एवं **Long notes** के रूप में पुस्तक में दिए हैं, जिससे इसमें **2010** से सभी प्रश्न पत्र के उत्तर मिल जाएँगे।
- अभ्यास के लिए अतिरिक्त **MCQ's, Fill in the blanks** एवं **True/false** भी दिए गए हैं, जो किसी न किसी नर्सिंग परीक्षा में आए हैं।
- प्रश्न के उत्तरों को आसान भाषा में पॉइंट्स में लिखा है तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ **Flowcharts** का भी प्रयोग किया है, ताकि उत्तर याद रखने में आसानी रहे।

अर्जिता सेंगर ने **BSc (Nursing), Maharashtra University of Health Sciences,** नासिक से किया है तथा वह यूनिवर्सिटी की **'Gold Medalist'** रही हैं। उन्होंने **MSc (Obstetric and Gynecological Nursing), Rajiv Gandhi University of Health Sciences, Bangalore** से किया है। साथ ही उन्होंने **Symbiosis Centre of Health Care, Pune** से **Postgraduate Diploma, Hospital and Healthcare Management** भी प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विषय नर्सिंग में वर्ष **2023** में **PhD** की डिग्री भी प्राप्त की है। इनको **13** वर्ष से भी अधिक **teaching experience** है। **Research** के क्षेत्र में भी काफी अग्रसर हैं। कई राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय **Journal** में इनके पेपर पब्लिश हुए हैं तथा कई पेपर प्रेजेंट भी कर चुकी हैं। वह लेखन में विशेष रूचि रखती हैं तथा कई संस्थानों की वार्षिक पत्रिकाओं की संपादक भी रह चुकी हैं।

Printed in India

Available at all medical bookstores
or buy online at www.jaypeebrothers.com



JAYPEE BROTHERS
Medical Publishers (P) Ltd.
EMCA House, 23/23-B, Ansari Road,
Daryaganj, New Delhi - 110 002, INDIA
www.jaypeebrothers.com

Join us on facebook.com/JaypeeMedicalPublishers

